**ASO-Paper-I(H)**

**वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद्**

**COUNCIL OF SCIENTIFIC & INDUSTRIAL RESEARCH**

एल.डी.सी.ई.-**2025 / LDCE-2025**

प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका क्रमांक :
Question cum Answer Booklet No. : 100192

पद कोड/Post Code: 6

पेपर-I/Paper-I : भाषा ज्ञान और संक्षेपण लेखन

समय/Time: 2:00 Hours

अधिकतम अंक/Maximum Marks : 100

अभ्यर्थी द्वारा नीली/काली स्याही के बॉल प्वाइंट पेन से भरा जाना है / To be filled in by the candidate with blue/black ink ball point pen

**अभ्यर्थी का विवरण / PARTICULARS OF THE CANDIDATE**

**(बड़े अक्षरो में लिखें / Write in Block Letters)**

अनुक्रमांक (अंको में) / Roll Number (in figures) ____________________

अनुक्रमांक (शब्दों में) / Roll Number (in words) ____________________

अभ्यर्थी का नाम/ Name of the candidate ____________________

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर/ Signature of the Candidate ____________________

## अनुदेश / INSTRUCTIONS

1. इस प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में सार लेखन पृष्ठ एवं रफ़ कार्य हेतु पृष्ठ सहित कुल 16 पृष्ठ हैं। प्रत्येक प्रश्न के सामने अंक दिए गए है। प्रश्नों के उत्तर देने के लिए, प्रत्येक प्रश्न के साथ ही रिक्त स्थान दिया गया है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर उसमें प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में दिये गए स्थान पर देना होगा। कोई अतिरिक्त पृष्ठ उपलब्ध नहीं कराया जाएगा। आपको प्रत्येक प्रश्न के सामने दिए गए स्थान को छोड़कर किसी भी स्थान पर नहीं लिखना चाहिए।
   This Question cum Answer Booklet contains 16 pages including précis writing sheet and pages for rough work. Marks are indicated against each question. To answer the questions, blank space has been provided against each question. Each question must be answered in the space provided in Question cum Answer Sheet. No additional sheet will be provided. You should not write anything except on space provided against each question.
2. **उत्तर लिखने के लिए नीली या काली/स्याही वाले बॉल पॉइंट पेन का ही उपयोग किया जाए।**
   **For Writing Answers, use Blue/Black ink Ball Point Pen.**
3. इससे पहले कि आप अपना विवरण भरना शुरू करें, कृपया सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में अपेक्षित संख्या में प्रश्न और पृष्ठ हैं और ये कटे-फटे नहीं हैं। यदि आवश्यक हो तो, किसी भी उत्तर को लिखने से पहले,आप पुस्तिका को बदलने के लिए अन्वीक्षक से अनुरोध कर सकते हैं ।
   Before you start filling up your Roll Number and other details, etc. on the cover page, please ensure that the Booklet contains requisite number of questions and pages, and these are not torn or mutilated. You may request invigilator to change the Booklet, if required, before attempting any answers.
4. अपना रोल नंबर अंकों और शब्दों दोनों में एवं अन्य आवश्यक विवरणों को दिए गए उपयुक्त स्थान पर सही और स्पष्ट रूप से लिखें ।
   Write your Roll Number in figures and words and other requisite particulars correctly and clearly in the appropriate space provided.
5. रफ़ कार्य के लिए पृष्ठ प्रश्न सह-उत्तर पुस्तिका में ही दिए गए हैं । रफ़ कार्य केवल इसके लिए दिए गए पृष्ठों पर ही करें।
   Pages for rough work have been provided in Question cum Answer Booklet. Rough work may be done only on the pages provided for the purpose.
6. परीक्षा पूर्ण होने पर परीक्षा हॉल छोड़ने से पहले, इस प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका को अन्वीक्षक को सौंप दें।
   After the Test is over, you must hand over this Question cum Answer Booklet to the Invigilator before leaving the examination Hall.
7. यदि आप नकल या अनुचित साधनों का उपयोग करते हुए पाए जाते हैं तो इसे कदाचार माना जाएगा तथा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।
   If you are found copying or resorting to any unfair means, it shall be treated as misconduct and liable to action as per rules.

अन्वीक्षक के हस्ताक्षर / Signature of the Invigilator ____________________



SEAL

1. निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न के उत्तर 15-20 शब्दों में दीजिये। गद्यांश का एक उचित शीर्षक भी दीजिये। (12 + 3 = 15 Marks)

गद्यांश (Comprehension Passage) :

भारत एक कृषि प्रधान देश है और यहाँ की अधिकांश जनसंख्या ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है। कृषि, उद्योग और जीवन-यापन के लिए जल एक अनिवार्य संसाधन है। लेकिन विडंबना यह है कि भारत में जल संकट एक गंभीर समस्या बन चुका है। बढ़ती जनसंख्या, नगरीकरण, औद्योगीकरण और जल का असमान वितरण इस संकट को और भी गहरा बना रहे हैं।

पिछले कुछ वर्षों में मानसून की अनिश्चितता और वर्षा की मात्रा में कमी ने कई राज्यों में सूखे जैसे हालात पैदा कर दिए हैं। भूजल स्तर गिरता जा रहा है और कई क्षेत्रों में जल के स्रोत पूरी तरह से सूख चुके हैं। जल का अत्यधिक दोहन, विशेष रूप से कृषि क्षेत्र में, इस संकट का एक बड़ा कारण है। परंपरागत जल स्रोतों जैसे कुएँ, बावड़ी, तालाब आदि का लोप भी इस स्थिति को और गंभीर बना रहा है।

वर्तमान परिदृश्य में यह आवश्यक हो गया है कि जल का संचयन, संरक्षण और विवेकपूर्ण उपयोग सुनिश्चित किया जाए। वर्षा जल संचयन (रेनवॉटर हार्वेस्टिंग) एक प्रभावी उपाय है जिससे हम वर्षा के पानी को एकत्रित कर भूजल स्तर को बढ़ा सकते हैं। राजस्थान जैसे शुष्क क्षेत्रों में प्राचीन काल से यह तकनीक अपनाई जाती रही है, जहाँ लोग 'तांका', 'जोहर', 'नाड़ी' जैसे पारंपरिक तरीकों से जल संचयन करते थे।

सरकार द्वारा जल जीवन मिशन, नमामि गंगे योजना और अन्य अनेक जल संरक्षण योजनाएँ आरंभ की गई हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य न केवल स्वच्छ जल की उपलब्धता को सुनिश्चित करना है, बल्कि जल स्रोतों को पुनर्जीवित करना और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना भी है।

शहरी क्षेत्रों में जल संकट का एक प्रमुख कारण है जल की बर्बादी। फ्लैट्स, अपार्टमेंट्स और बड़ी इमारतों में जल का अत्यधिक उपभोग और रिसाव जैसी समस्याएँ आम हैं। इसके अलावा, औद्योगिक इकाइयाँ बिना उपचार के अपशिष्ट जल को नदियों में छोड़ देती हैं जिससे न केवल जल प्रदूषित होता है बल्कि मानव और पशु जीवन भी संकट में पड़ जाता है।

हमें यह समझना होगा कि जल एक सीमित संसाधन है और इसके संरक्षण की जिम्मेदारी हम सबकी है। विद्यालयों, महाविद्यालयों और सामाजिक संस्थाओं को मिलकर जन-जागरूकता फैलानी चाहिए ताकि जल के विवेकपूर्ण उपयोग के प्रति लोगों में चेतना जागे। हमें अपने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे प्रयास जैसे नल खुला न छोड़ना, रिसाव को ठीक कराना, बर्तन धोते समय बहते पानी की जगह बाल्टी का उपयोग करना जैसे उपायों को अपनाना चाहिए।

संविधान के अनुच्छेद 51A (g) के तहत प्रत्येक नागरिक का यह मौलिक कर्तव्य है कि वह प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा और सुधार करे। जल संरक्षण भी इसी का एक महत्वपूर्ण भाग है।

यदि समय रहते हम नहीं चेते, तो भविष्य में जल को लेकर संघर्ष होना निश्चित है। अनेक वैज्ञानिक और पर्यावरणविदों ने चेतावनी दी है कि अगला विश्व युद्ध जल को लेकर हो सकता है। इसलिए आज आवश्यक है कि हम एकजुट होकर जल को बचाने का संकल्प लें और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित जल भविष्य सुनिश्चित करें।

प्रश्नावली (Questions) :

(i) भारत में जल संकट के मुख्य कारण क्या हैं? (2 अंक)

(ii) जल जीवन मिशन और नमामि गंगे योजना का उद्देश्य क्या है? (2 अंक)

(iii) भूजल स्तर में गिरावट का क्या प्रमुख कारण है? (2 अंक)

(iv) इस गद्यांश में लेखक ने किस प्रकार की चेतावनी दी है? (2 अंक)

(v) लेखक ने किन क्षेत्रों में जन-जागरूकता फैलाने पर बल दिया है? (2 अंक)

(vi) "जल एक सीमित संसाधन है" - इस कथन का आशय स्पष्ट करें। (2 अंक)

(vii) शीर्षक : (3 अंक)

2. **निम्नलिखित प्रत्येक शब्द का विलोम शब्द (विपरीतार्थक शब्द) लिखिए :** (10 Marks)

(i) शब्द : विकास ____________________

(ii) शब्द : साहस ____________________

(iii) शब्द : सक्षम ____________________

(iv) शब्द : गौरव ____________________

(v) शब्द : आश्रित ____________________

(vi) शब्द : प्रशंसा ____________________

(vii) शब्द : सजीव ____________________

(viii) शब्द : सत्यनिष्ठ ____________________

(ix) शब्द : विनम्र ____________________

(x) शब्द : संगठित ____________________

3. **निम्नलिखित प्रत्येक शब्द के दो पर्यायवाची शब्द (समानार्थक शब्द) लिखिए :** (10 Marks)

(i) शब्द : अग्नि (2 अंक)

उत्तर : (a)

(b)

(ii) शब्द : जल (2 अंक)

उत्तर : (a)

(b)

(iii) शब्द : सूर्य (2 अंक)

उत्तर : (a)

(b)

(iv) शब्द : धरा (2 अंक)

उत्तर : (a)

(b)

(v) शब्द : विद्या (2 अंक)

उत्तर : (a)

(b)

4. **निम्नलिखित दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर 200 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए :**

(10 Marks)

(i) भारत की रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता

(ii) डिजिटल भारत की दिशा में प्रगति

(iii) रूस - उक्रेन युद्ध के प्रमुख कारण

विषय : ________________________________

5. **अंग्रेज़ी शब्द के हिंदी रूपांतरण (Translation) लिखिए।** (5 Marks)

(i) Democracy ______________________

(ii) Environment ______________________

(iii) Responsibility ______________________

(iv) Freedom ______________________

(v) Corruption ______________________

6. **अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए।** (5 Marks)

(i) जो सब जगह व्याप्त हो -

उत्तर : ______________________

(ii) जो जल्दी क्रोधित हो जाए -

उत्तर : ______________________

(iii) जो सुना न जा सके -

उत्तर : ______________________

(iv) जो दिखाई न दे -

उत्तर : ______________________

(v) प्रश्न : जो बहुत बोलता हो -

उत्तर : ______________________

7. **अशुद्ध शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए ।** (5 Marks)

(i) दृष्टी

उत्तर : ______________________________

(ii) क्रांतिकारीयों

उत्तर : ______________________________

(iii) अधीक

उत्तर : ______________________________

(iv) विधार्थी

उत्तर : ______________________________

(v) श्रृद्धांजलि

उत्तर : ______________________________

8. **निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखिए :** (5 Marks)

(i) मुहावरा : आँखों का तारा ______________________________

(ii) मुहावरा : दाँतों तले उँगली दबाना ______________________________

(iii) मुहावरा : नाक कटना ______________________________

(iv) मुहावरा : टाँग अड़ाना ______________________________

(v) मुहावरा : पानी-पानी होना ______________________________

9. **दिए गए लेख का लगभग 250 शब्दों में सार लिखिए। एक उचित शीर्षक भी दीजिये।**

(20+5=25 Marks)

पुस्तकें मानव जीवन की सबसे मूल्यवान धरोहरों में से एक हैं। वे केवल ज्ञान का स्रोत ही नहीं होतीं, बल्कि विचारों, अनुभवों और भावनाओं को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम भी हैं। जब कोई व्यक्ति अकेला होता है, निराश होता है, या मानसिक रूप से परेशान होता है, तब पुस्तकें उसे मानसिक बल देती हैं। वे न केवल हमारा मार्गदर्शन करती हैं, बल्कि हमारे भीतर आत्मविश्वास भी जगाती हैं।

प्राचीन काल से ही पुस्तकें मानव सभ्यता का अंग रही हैं। ऋग्वेद, उपनिषद, गीता, कुरान, बाइबिल जैसे धार्मिक ग्रंथों ने न केवल आध्यात्मिक ज्ञान दिया, बल्कि सामाजिक, नैतिक और सांस्कृतिक मूल्यों को भी स्थापित किया। साहित्यिक पुस्तकों ने समाज के प्रत्येक पहलू को उजागर किया है - चाहे वह प्रेम हो, करुणा हो, संघर्ष हो या अन्याय के विरुद्ध आवाज़ उठाना हो।

पुस्तकों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे मूक होते हुए भी बोलती हैं और एकांत होते हुए भी साथ देती हैं। किसी भी पुस्तक को पढ़ने से केवल जानकारी नहीं मिलती, बल्कि मनन और चिंतन की शक्ति भी विकसित होती है। आज के युग में जब मोबाइल और इंटरनेट मनोरंजन का प्रमुख साधन बन चुके हैं, तब भी पुस्तकों का महत्व कम नहीं हुआ है।

हालाँकि, आधुनिक युवा पीढ़ी में पुस्तक पढ़ने की प्रवृत्ति में कमी देखी जा रही है। सोशल मीडिया, शॉर्ट वीडियो और सतही ज्ञान के इस दौर में पुस्तकें जैसे उपेक्षित होती जा रही हैं। यह एक चिंताजनक स्थिति है, क्योंकि पुस्तकों से विमुख होना, विचारशीलता और संवेदनशीलता से विमुख होना है। हमें चाहिए कि हम बच्चों और युवाओं को फिर से पुस्तकों से जोड़ें, उन्हें लाइब्रेरी और अध्ययन की ओर प्रेरित करें। केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित ज्ञान ही नहीं, बल्कि साहित्य, दर्शन, जीवनी, विज्ञान आदि विषयों पर भी रुचि जगानी चाहिए।

पुस्तकों के बिना मानव का बौद्धिक और नैतिक विकास अधूरा है। वे हमारे अतीत से जोड़ती हैं, वर्तमान को समझने में मदद करती हैं और भविष्य के लिए मार्गदर्शन करती हैं। इसीलिए कहा गया है - "एक अच्छा मित्र छूट सकता है, पर एक अच्छी पुस्तक नहीं।"

शीर्षक :

प्रत्येक खाने में एक शब्द लिखें।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 5 |
| | | | | | 10 |
| | | | | | 15 |
| | | | | | 20 |
| | | | | | 25 |
| | | | | | 30 |
| | | | | | 35 |
| | | | | | 40 |
| | | | | | 45 |
| | | | | | 50 |
| | | | | | 55 |
| | | | | | 60 |
| | | | | | 65 |
| | | | | | 70 |
| | | | | | 75 |
| | | | | | 80 |
| | | | | | 85 |
| | | | | | 90 |
| | | | | | 95 |
| | | | | | 100 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 105 |
| | | | | | 110 |
| | | | | | 115 |
| | | | | | 120 |
| | | | | | 125 |
| | | | | | 130 |
| | | | | | 135 |
| | | | | | 140 |
| | | | | | 145 |
| | | | | | 150 |
| | | | | | 155 |
| | | | | | 160 |
| | | | | | 165 |
| | | | | | 170 |
| | | | | | 175 |
| | | | | | 180 |
| | | | | | 185 |
| | | | | | 190 |
| | | | | | 195 |
| | | | | | 200 |
| | | | | | 205 |
| | | | | | 210 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 215 |
| | | | | | 220 |
| | | | | | 225 |
| | | | | | 230 |
| | | | | | 235 |
| | | | | | 240 |
| | | | | | 245 |
| | | | | | 250 |
| | | | | | 255 |
| | | | | | 260 |
| | | | | | 265 |
| | | | | | 270 |
| | | | | | 275 |
| | | | | | 280 |
| | | | | | 285 |
| | | | | | 290 |
| | | | | | 295 |
| | | | | | 300 |

10. **अशुद्ध वाक्य को शुद्ध कीजिये।** (5 Marks)

(i) वाक्य : वह मुझे कल बजार में मिला।

उत्तर : ____________________

(ii) वाक्य : आपने अपने कर्तव्यों से मुँह मोड़ लिया है।

उत्तर : ____________________

(iii) वाक्य : विद्यार्थियों को पुस्तकें पढ़ना चाहिये।

उत्तर : ____________________

(iv) वाक्य : मैंने उन्हें जाते हुये देखा।

उत्तर : ____________________

(v) वाक्य : हम सबने ईमानदारी से अपने कार्य करने है।

उत्तर : ____________________

11. **निम्नलिखित के लिंग परिवर्तन करें।** **(Gender Transformation)** (5 Marks)

(i) सम्राट ____________________

(ii) अध्यापिका ____________________

(iii) महोदय ____________________

(iv) माली ____________________

(v) विद्वान ____________________

रफ कार्य के लिये जगह / SPACE FOR ROUGH WORK

रफ कार्य के लिये जगह / SPACE FOR ROUGH WORK

प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका क्रमांक / Question cum Answer Booklet No. :

## मूल्यांकन तालिका (केवल कार्यालय उपयोग के लिए) / EVALUATION TABLE (ONLY FOR OFFICE USE)

| प्र.स. / Q.No. | अधिकतम अंक / Maximum Marks | प्राप्तांक / Marks Obtained | मूल्यांकनकर्ता के हस्ताक्षर / Signature of Evaluator |
|---|---|---|---|
| 1 | | | |
| 2 | | | |
| 3 | | | |
| 4 | | | |
| 5 | | | |
| 6 | | | |
| 7 | | | |
| 8 | | | |
| 9 | | | |
| 10 | | | |
| 11 | | | |
| कुल / Total | | | |

SEAL